This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

वीरवार, 13 जनवरी, 2022 / 23 पौष, 1943

हिमाचल प्रदेश सरकार

परिवहन विभाग

अधिसूचना

शिमला–171 002, 01 जनवरी, 2022

संख्याः टी0पी0टी0–ई(3)–32 / 2018–II.––प्रारूप हिमाचल प्रदेश मोटर यान (तृतीय संशोधन) नियम, 2021 को इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना तारीख 23–9–2021 द्वारा मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 का केन्द्रीय अधिनियम संख्यांक 59) की धारा 212 की उप–धारा(1) के साथ पठित धारा 176 के उपबन्धों के

अधीन यथाअपेक्षित के अनुसार, तद्द्वारा संभाव्य प्रभावित होने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) से आक्षेप और सुझाव आमन्त्रित करने के लिए अधिसूचित किया गया था और जिसे राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में तारीख 5–10–2021 को प्रकाशित किया गया था;

और राज्य सरकार द्वारा नियत अवधि के भीतर कोई आक्षपे / सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है / हुए हैं;

अतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 का केन्द्रीय अधिनियम संख्यांक 59) की धारा 212 की उप–धारा(1) के साथ पठित धारा 176 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस विभाग की अधिसूचना संख्याः 5–24 / 88–टी0पी0टी0–III, तारीख 12 जुलाई, 1999 द्वारा अधिसूचित और राजपत्र, हिमाचल प्रदेश (असाधारण) में तारीख 27 जुलाई, 1999 को प्रकाशित हिमाचल प्रदेश मोटर यान नियम, 1999 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:––

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.––**(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश मोटर यान (तृतीय संशोधन) नियम, 2021 है।

(2) ये नियम राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में अंतिम प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **मूल नियमों के राजभाषा पाठ के नियम 214 का प्रतिस्थापन.––**हिमाचल प्रदेश मोटर यान नियम, 1999 (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् 'उक्त नियम' कहा गया है) के नियम 214 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थातः–

"214. प्रतिकर के दावे के लिए आवेदन.––(1) प्रतिकर के दावे के लिए प्रत्येक आवेदन धारा 166 के अधीन एच.पी. प्ररूप 52 एम.ए.सी.टी.(अ) में अतिरिक्त प्रतियों के साथ (दावा आवेदन में वर्णित प्रत्यार्थियों की संख्या के समान) किया जाएगा।

(2) ऐसे प्रत्येक आवेदन के साथ निम्नलिखित संलग्न होगाः––

(क) समस्त दस्तावेज़ जिन पर आवेदक अपने दावे के संदर्भ में निर्भर है; दस्तावेजों की समुचित रूप से तैयार की गई सूची में प्रविष्ट हैं:

परन्तु जब तक दावा अधिकरण का यह समाधान नहीं हो जाता कि आवेदक को अच्छे और पर्याप्त कारण से ऐसे दस्तावेज को पूर्वतर दायर करने से रोका गया था, तब तक वह उसके दावे के समर्थन में आवेदन के साथ संलग्न नहीं किए गए किसी दस्तावेज पर निर्भर होने के लिए अनुज्ञात न कर सकेगा;

(ख) जब तक दावा अभिकरण द्वारा कारणों को लिखित में अभिलिखित कर ऐसा करने से छूट प्रदान न की जाए, तब तक दावा अभिकरण के समाधानप्रद रूप में आवेदक(कों) की पहचान के सबूत ;

(ग) अधिवक्ता या राजपत्रित अधिकारी द्वारा सम्यक्रूप से अधिप्रमाणित आवेदक(कों) के पासपोर्ट साईज फोटो ;

(घ) अन्वेषणकर्ता पुलिस अधिकारी और रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट और यदि ऐसी कोई रिपोर्टें प्राप्त नहीं की गई हैं तो उनके कारण ; और

(ङ) चोटों या उनके प्रभाव का चिकित्सा प्रमाण–पत्र।

(3) दावा अधिकरण अपने इस समाधान के लिए कि कोई मिथ्या या दुस्संधिपूर्ण दावा प्रस्तुत नहीं किया गया है, आवेदक से निम्नलिखित सूचना प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकेगा :––

(क) समस्त पूर्ववर्ती दुर्घटनाएं जिनमें, यथास्थिति, आवेदक या मृत व्यक्ति शामिल रहा है, का पूर्ण विवरण;

(ख) ऐसी पूर्ववर्ती दुर्घटनाओं में संदत्त प्रतिकर की रकम, पीड़ित व्यक्ति और उस व्यक्ति, जिसने संदत्त भुगतान का संदाय किया है, का नाम और विवरण; और

(ग) खण्ड (ख) में वर्णित व्यक्तियों, यदि कोई हों, के आवेदक के साथ सम्बन्ध।

(4) कोई आवेदन, जो जांच पर त्रुटिपूर्ण पाया जाता है, को दावा अधिकरण द्वारा विर्निदिष्ट अवधि, किन्तु जो दो सप्ताह से अनधिक होगी, के भीतर त्रुटियों को दूर करने के पश्चात् पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु वापस किया जा सकेगा।

(5) प्रतिकर के लिए प्रत्येक आवेदन विहित रजिस्टर में पृथकतः रजिस्टीकृत किया जाएगा ।"।

3. नियम 214–क से 214–च का अन्तःस्थापन.––उक्त नियमों के नियम 214 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अन्तः स्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :––

"**214–क मोटर दुर्घटना मामलों में अन्वेषणकर्ता पुलिस अधिकारी के कर्त्तव्य.**––(1) अन्वेषण करने वाले पुलिस अधिकारी का यह कर्त्तव्य होगा कि वह अन्वेषण करते समय निम्नलिखित सहित यथासंभव शीघ्रता से आधुनिक तकनीक का प्रयोग करेगा–

(क) दुर्घटना स्थल पर घेरा बनवाना और फिर स्थल का ऐसे कोणों से छायाचित्र लेना जिससे वह स्पष्ट दिखे और यदि वह ऐसा करने में असमर्थ है तो, यथास्थिति, सड़कों या स्थल का दुर्घटनाग्रस्त यान (यानों) या व्यक्ति (व्यक्तियों) की स्थिति, अभिन्यास और चौड़ाई आदि उपदर्शित करते हुए स्थल प्लान तैयार करना, मापमान तैयार करना और ऐसे अन्य तथ्य, जो कि इस संबन्ध में साक्ष्यों को सुरक्षित रखने और दावा अधिकरण के समक्ष कार्यवाहियों के प्रयोजन के लिए सुसंगत हो सकेंगे, को संरक्षित करना;

(ख) दुर्घटनाग्रस्त मोटर यान से संबंधित बीमा प्रमाण पत्र / पॉलिसी के पूरे विवरण एकत्रित करना और अधिनियम की धारा 158 की उप–धारा(1) में उल्लिखित दस्तावेजों को पेश किए जाने की अपेक्षा करना और तदुपरि या तो रसीद देकर उनको अपने आधिपत्य में रखना या उनकी सम्यक् रूप से अनुप्रमाणित प्रतियां अपने पास रखना ;

(ग) खण्ड (ख) में उल्लिखित दस्तावेजों की, उनको जारी करने के लिए तात्पर्यित कार्यालय / प्राधिकारी से लिखित में पुष्टि प्राप्त करके वास्तविकता सत्यापित करना ;

(घ) एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(बी) में आदेश की प्राप्ति के तीस दिन से अपश्चात् अपेक्षित समस्त दस्तावेजों जिनमें दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम संख्यांक 2) की धारा 173 के अधीन रिपोर्ट की प्रति भी है, चिकित्सा विधिक प्रमाण–पत्र, पोस्टमार्टम रिपोर्ट (मृत्यु होने की दशा में), प्रथम सूचना रिपोर्ट, फोटोग्राफ्स, स्थल योजना, खण्ड(ग) में उल्लिखित दस्तावेजों की छायाप्रतियां, उनकी वास्तविकता के प्रमाणन से संबंधित रिपोर्ट यदि प्राप्त हुई हों, या अन्यथा की गई कार्रवाई सहित एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(डी) के भाग–। में दावा अधिकरणों को दुर्घटना से सम्बधित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करना;

(ङ) व्यक्ति, जो प्रतिकर के लिए आवेदन देने की वांछा रखता है और जो किसी दुर्घटना में अंतर्वलित है या, यथास्थिति, उसका निकटतम संबंधी या मृतक का विधिक प्रतिनिधि या बीमा कंपनी द्वारा एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(सी) में आवेदन प्राप्त होने पर आवेदक को तीस दिनों के भीतर एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(डी) के भाग–। में दुर्घटना से सम्बन्धित समस्त सूचना और विशिष्टियां प्रदान करना :

परंतु बीमा कंपनी को ऐसी सूचना दस रुपए प्रति पृष्ठ फीस संदाय करने पर प्रदान की जाएगी।

(2) उप–नियम(1) के उपबंध हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन दिए गए कर्त्तव्यों के रूप में समझे जाएंगे और इनका कोई भी भंग उक्त अधिनियम में परिकल्पित परिणामों को अपरिहार्य करेगा।

214–ख मोटर दुर्घटना दावों की जांच.––किन्हीं अन्य प्रवृत्त नियमों में किसी बात के प्रतिकूल होते हुए भी मोटर दुर्घटना दावों की जांच पुलिस द्वारा निम्नलिखित रीति में की जाएगी,––

(1) मोटर दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर अन्वेषणकर्ता पुलिस अधिकारी दुर्घटना स्थल का दौरा करेगा, स्थल का निरीक्षण करेगा, सभी कोणों से स्थल के फोटो लेगा, यथास्थिति, सड़क या स्थान का अभिन्यास, यथास्थिति, यान या व्यक्ति की अवस्थिति, ऐसे अन्य तथ्य जो सुसंगत हो सकेंगे, को अभिदर्शित करके अनुमाप के अनुसार नक्शा तैयार करेगा और दुर्घटना से सम्बंधित समस्त साक्ष्यों को सुरक्षित रखने के आशय से प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों का भी परीक्षण करेगा।

(2) अन्वेषण (जांचकर्ता) पुलिस अधिकारी निम्नलिखित सम्पूर्ण विशिष्टियों और दस्तावेजों को एकत्रित करेगा,––

(i) दुर्घटना की तारीख, समय और स्थान ;

(ii) दुर्घटना में घायल या मृत व्यक्ति के विवरण;

(iii) उल्लंघन करने वाले यान के चालक का नाम और पता;

(iv) उल्लंघन करने वाले यान के चालक की चालन अनुज्ञप्ति;

(v) उल्लंघन करने वाले यान के स्वामी का नाम और पता;

(vi) उल्लंघन करने वाले यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र ;

(vii) उल्लंघन करने वाले यान की बीमा पॉलिसी या वैकल्पिक कवर नोट या बीमा प्रमाण–पत्र;

(viii) उपयुक्तता प्रमाण–पत्र और अनुज्ञा पत्र (यदि वाणिज्यिक यान है);

(ix) दुर्घटना के साक्षियों के नाम और पते;

(x) दुर्घटना के घटने की परिस्थितियां;

(xi) आहत व्यक्ति की मृत्यु होने की दशा में,––

(क) मृतक की आयु का प्रमाण (सबूत);

(ख) मृत्यु प्रमाण–पत्र;

(ग) पोस्टमार्टम रिपोर्ट ;

(घ) मृतक की आय का सबूत;

(ङ) आश्रितों के ब्योरे (उनकी आयु, व्यवसाय और वैवाहिक प्रास्थिति); और

(च) उपचार पर व्यय; और

(xii) आहत व्यक्ति को किसी चोट की दशा में;

(क) चिकित्सा विधिक प्रमाण–पत्र;

(ख) घायल की आयु का सबूत;

(ग) घायल की आय का सबूत;

(घ) ऐसे पीड़ित व्यक्ति को आई चोट का स्वरूप;

(ङ) घायल द्वारा लिया गया उपचार (अस्पताल से छुट्टी के सारांश सहित);

(च) अक्षमता प्रमाण–पत्र (यदि सरकारी अस्पताल द्वारा जारी किया गया है);

(छ) उपचार, प्रवहण, विशेष आहार या परिचर आदि पर व्यय; और

(ज) कार्य से अनुपस्थिति का सबूत (जिसके आधार पर चोट के कारण आय की क्षति निर्धारित की जानी है या दावा किया गया है) जैसे नियोक्ता से प्रमाण–पत्र और हाजिरी रजिस्टर से उद्धरण या यात्रा दैनिकी अभिलेख या सदृश अभिलेख ।

(3) अन्वेषण पुलिस अधिकारी ऐसे दस्तावेज जारी करने के लिए तात्पर्यित कार्यालय या प्राधिकारी या व्यक्ति से लिखित में पुष्टि अभिप्राप्त करके एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए. सी.टी.(डी) के भाग–।। में उल्लिखित दस्तावेजों की अधिप्रमाणिता सत्यापित करेगा या प्राधिकारी से प्रश्नगत दस्तावेजों (चालक की अनुज्ञप्ति और यान के अनुज्ञापन (परमिट) (जहां लागू है) सहित किन्तु सत्यापन तक ही सीमित नहीं है) की अधिप्रमाणिता के किसी भी निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए, ऐसी उत्तरभावी जांच या सत्यापन, जो भी आवश्यक है, करेगा ।

(4) रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी, अन्वेषण अधिकारी द्वारा आवेदन दिए जाने के पन्द्रह दिन की अवधि के भीतर उल्लंघनकर्ता यान की बाबत रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र, चालन अनुज्ञप्ति उपयुक्तता और परमिट का सत्यापन करेगा। सम्बद्ध अस्पताल दुर्घटना से पन्द्रह दिन की अवधि के भीतर अन्वेषण अधिकारी को चिकित्सा–विधिक प्रमाण–पत्र और पोस्टमार्टम रिपोर्ट जारी करेंगे।

(5) अन्वेषण पुलिस अधिकारी उप–नियम(3) और (4) में विनिर्दिष्ट उपरोक्त दस्तावेजों का संग्रहण करने और उनके सत्यापन की तारीख की प्रक्रिया को पूरा करेगा और दुर्घटना की तारीख से तीस दिनों की अवधि के भीतर आपराधिक मामले की जांच को पूरा करेगा । अन्वेषण अधिकारी दुर्घटना की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर दावा अधिकरण के समक्ष एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए. सी.टी.(डी) में दुर्घटना सूचना रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। दुर्घटना सूचना रिपोर्ट अपेक्षित दस्तावेजों (जिनमें दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 173 के अधीन रिपोर्ट की प्रति, पुलिस के समक्ष की गई प्रथम इत्तिला रिपोर्ट, चिकित्सा विधिक प्रमाण–पत्र, मृत्यु की दशा में पोस्टमार्टम रिपोर्ट) फोटोग्राफ, स्थल का नक्शा, यांत्रिक जांच रिपोर्ट, अभिग्रहण मेमो (नोट), और एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी. (डी) के भाग–।। में उल्लिखित दस्तावेज और उनकी प्रमाणिकता की पुष्टिकरण से संबंधित रिपोर्ट यदि प्राप्त हुई है या अन्यथा की गई कार्रवाई सहित संलग्न होगी। दुर्घटना सूचना रिपोर्ट की प्रति समसामयिक बीमा कंपनी, पीड़ित या दुर्घटना में उनके दावेदारों और उल्लंघनकर्ता यान के स्वामी या चालक को भी भेजी जाएगी।

(6) दुर्घटना सूचना रिपोर्ट की प्रति प्राप्त होने पर बीमा कम्पनी दस दिन की अवधि के भीतर पदाभिहित अधिकारी नियुक्त करेगी । पदाभिहित अधिकारी मामले के निपटान या प्रक्रमण और उसकी नियुक्ति की तारीख के बीस दिन की अवधि के भीतर संदाय की जाने वाली रकम के बारे में विधि के अनुसार लिखित में तर्कसंगत निर्णय पारित करने के लिए उत्तरदायी होगा ।

(7) यदि अन्वेषण पुलिस अधिकारी अपने नियंत्रण से परे के कारणों से तीस दिन की अवधि के भीतर मामलों जैसे हिट एंड रन दुर्घटनाओं के मामले, ऐसे मामले जहां पक्षकार न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर

रहते हैं या जहां पीड़ित को गंभीर चाटें आई हैं और उसका उपचार चल रहा है, की जांच पूरी करने में असमर्थ है तो जांच अधिकारी समय के विस्तार के लिए दावा अधिकरण से संपर्क करेगा, जिस पर दावा अधिकरण प्रत्येक मामले के तथ्यों को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त समय का विस्तार करेगा।

(8) यदि उल्लंघन करने वाले यान का बीमा नहीं हुआ पाया जाता है, तो उल्लंघन करने वाले यान के स्वामी और चालक को अधिनियम की धारा 196 के अधीन अभियोजित किया जाएगा।

(9) यदि चालक की चालन अनुज्ञप्ति जाली पायी जाती है, तो अन्वेषण पुलिस अधिकारी चालक या ऐसे अन्य व्यक्तियों, जो जालसाजी या जाली चालन अनज्ञप्ति को जारी करने में संलिप्त हैं, को अभियोजित करेगा।

(10) अन्वेषण पुलिस अधिकारी दुर्घटना सूचना रिपोर्ट सहित चालक, स्वामी, दावेदार और प्रत्यक्षदर्शी को दावा अधिकरण के समक्ष पेश करेगा। तथापि, यदि पुलिस अपने नियंत्रण से परे कारणों हेतुक सुनवाई की पहली तारीख को दावा अधिकरण के समक्ष स्वामी, चालक, दावेदार और प्रत्यक्षदर्शी को पेश करने में असमर्थ है तो दावा अधिकरण उन्हें पेश होने के लिए तीस दिन के अपश्चात् की अवधि की तारीख हेतु अन्वेषण पुलिस अधिकारी के माध्यम से तामील किया जाने वाला नोटिस जारी करेगा । अन्वेषण पुलिस अधिकारी, संबंधित बीमा कंपनी को दावा अधिकरण के समक्ष दुर्घटना सूचना रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख के बारे में एक अग्रिम सूचना देगा ताकि बीमा कंपनी के लिए नामित अधिवक्ता दावा अधिकरण के समक्ष सुनवाई की तारीख को उपस्थित रह सके ।

(11) दावा अधिकरण इस बात की जांच करेगा कि क्या दुर्घटना सूचना रिपोर्ट सभी तरह से पूर्ण है और इस संबंध में उचित आदेश पारित करेगा। यदि दुर्घटना सूचना रिपोर्ट पूर्ण नहीं है, तो दावा अधिकरण अन्वेषण पुलिस अधिकारी को उक्त रिपोर्ट को पूर्ण करने का निर्देश देगा और इसके पूर्ण करने की तारीख नियत करेगा।

(12) दावा अधिकरण अन्वेषण अधिकारी द्वारा दायर की गई दुर्घटना सूचना रिपोर्ट को अधिनियम की धारा 166(4) के अधीन दावा याचिका के रूप में लेगा। तथापि, यदि पुलिस सुनवाई की पहली तारीख को दावेदारों को पेश करने में असमर्थ है, तो दावा अधिकरण आरंभ में दुर्घटना सूचना रिपोर्ट को एक विविध आवेदन के रूप में रजिस्टर करेगा, जिसे दावेदारों की उपस्थिति के पश्चात् दावा याचिका के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया जाएगा।

(13) दावा अधिकरण बीमा कंपनी को दुर्घटना सूचना रिपोर्ट की जांच करने के लिए और विधि के अनुसार दावेदारों को संदेय प्रतिकर (मुआवजे) की मात्रा के बारे में निर्णय लेने के लिए तीस दिन का समय प्रदान करेगा। बीमा कंपनी के पदाभिहित अधिकारी द्वारा लिखित रूप में निर्णय लिया जाएगा और यह एक युक्तियुक्त निर्णय होगा। बीमा कंपनी का पदाभिहित अधिकारी अन्वेषण अधिकारी से दुर्घटना सूचना रिपोर्ट की प्रति प्राप्त होने की तारीख से उप–नियम(6) में यथाविनिर्दिष्ट अवधि के भीतर दावा अधिकरण के समक्ष लिखित युक्तियुक्त निर्णय रखेगा।

(14) बीमा कंपनी के पदाभिहित अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रतिकर, दावेदारों के लिए एक विधिक प्रस्ताव संस्थापित होगा और यदि उक्त राशि दावेदारों के लिए उचित और स्वीकार्य है, तो दावा अधिकरण एक सहमति अधिनिर्णय पारित करेगा और बीमा कंपनी को इस प्रकार प्रदान की गई राशि का भुगतान करने के लिए तीस दिन का समय देगा । तथापि, सहमति अधिनिर्णय पारित करने से पूर्व, दावा अधिकरण, यह सुनिश्चित करेगा कि दावेदारों को विधि के अनुसार उचित प्रतिकर प्रदान किया जाए। दावा अधिकरण दावेदारों के हिस्सों और संवितरण की रीति के संबंध में एक आदेश भी पारित करेगा।

(15) यदि दावेदार बीमा कंपनी के प्रस्ताव का तुरंत उत्तर देने की स्थिति में नहीं हैं तो दावा अधिकरण उन्हें उक्त प्रस्ताव का उत्तर देने के लिए तीस दिन अपश्चात् का समय देगा।

(16) यदि बीमा कंपनी का प्रस्ताव दावेदारों को उचित और स्वीकार्य नहीं है या यदि बीमा कंपनी के पास विधि के अधीन उसके पास कोई प्रतिवाद उपलब्ध है, तो दावा अधिकरण अधिनियम की धारा 168 और

169 के अधीन जांच करने हेतु कार्यवाही करेगा और तत्पश्चात् तीस दिन की अवधि के भीतर अधिनिर्णय पारित करेगा।

(17) दुर्घटनाग्रस्त मोटर यान के निस्तार के विरूद्ध प्रतिषेध,––

(क) कोई भी न्यायालय किसी दुर्घटनाग्रस्त मोटर यान का निस्तार नहीं करेगा जिसके परिणामस्वरूप मृत्यु या शारीरिक चोट या संपत्ति को क्षति हुई हो, यदि ऐसा यान रजिस्ट्रीकृत स्वामी के नाम पर लिए गए तीसरे पक्ष के जोखिमों के विरूद्ध बीमा की पॉलिसी के अंतर्गत नहीं आता है, या यदि रजिस्ट्रीकृत स्वामी अन्वेषण पुलिस अधिकारी द्वारा मांगे जाने के बावजूद ऐसी बीमा पॉलिसी की प्रति प्रस्तुत करने में असफल रहता है और जब तक रजिस्ट्रीकृत स्वामी प्रतिकर, जो इस तरह की दुर्घटना से उत्पन्न होने वाले दावे के मामले में प्रदान किया जा सकेगा, को संदत्त करने हेतु न्यायालय के प्रमाणीकरण के लिए पर्याप्त प्रतिभूति प्रस्तुत नहीं कर देता है।

(ख) यदि मोटर यान तीसरे पक्षकार जोखिम के विरूद्ध बीमा की पॉलिसी के अन्तर्गत नहीं आता है या जब मोटर यान का रजिस्ट्रीकृत स्वामी उप–नियम(1) में उल्लिखित परिस्थितियों में ऐसी पॉलिसी की प्रति प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो अन्वेषण पुलिस अधिकारी द्वारा वाहन को अपने कब्जे में लेने के तीन मास की समाप्ति पर, उस क्षेत्र जहां दुर्घटना हुई है, पर अधिकारिता रखने वाले मजिस्ट्रेट द्वारा मोटर यान को पुलिस नीलामी में विक्रीत कर दिया जाएगा और उसके विक्रय आगम को प्रश्नगत क्षेत्र पर अधिकारिता रखने वाले दावा अधिकरण के पास जो ऐसे दुर्घटना से उत्पन दावा मामले में अधिनिर्णित किया गया है या अधिनिर्णित किया जा सकेगा, के समाधानप्रद पन्द्रह दिन के भीतर जमा किया जाएगा :

परन्तु जहां दुर्घटना में शामिल यान का निर्गमन प्रमाण पत्र उपलब्ध है और उक्त यान के चालक के पास विधिमान्य चालन अनुज्ञप्ति है तो अन्वेषण पुलिस अधिकारी अपने स्तर पर सुपूर्ददारी पर यान को निस्तार करेगा।

(18) पुलिस कर्मियों द्वारा कर्त्तव्य में किसी भी उल्लंघन के नियम 214–क के उप–नियम(2) में यथा उपबन्धित के अनुसार निपटाया जाएगा।

214–ग रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी के कर्त्तव्य.––संबंधित रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी का यह कर्त्तव्य होगा कि,––

(क) एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(एफ) में आदेश की प्राप्ति के पंद्रह दिन की अवधि के भीतर दुर्घटना में शामिल मोटर यान या ऐसे यान के चालक की अनुज्ञप्ति के बारे में दावा अधिकरण को एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(ई) में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें; और

(ख) किसी व्यक्ति, जो प्रतिकर के लिए आवेदन करने की वांछा रखता है या, यथास्थिति, उसके निकटतम सम्बन्धी या मृतक के प्रतिनिधि या बीमा कंपनी के उपयोग के कारण किसी दुर्घटना में शामिल है, से एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(जी) में आवेदन की प्राप्ति की तारीख से पंद्रह दिन की अवधि के भीतर एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(ई) में अपेक्षित सूचना प्रस्तुत करेगाः

परन्तु सूचना बीमा कंपनी को दस रुपए प्रति पृष्ठ के संदाय पर दी जाएंगी

214–घ बीमा कंपनी के कर्त्तव्य.––दुर्घटना के बारे में सूचना प्राप्त होने के पश्चात् या नियम 217 के अधीन दावा अधिकरण से नोटिस प्राप्त होने पर बीमा कंपनी के मंडल प्रबंधक का यह कर्त्तव्य होगा कि,––

(क) दुर्घटना के बारे में सम्पूर्ण सूचना शीघ्रातिशीघ्र प्राप्त करने के लिए अन्वेषण पुलिस अधिकारी को विहित शुल्क के साथ एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(सी) में आवेदन करे;

(ख) दुर्घटनाग्रस्त मोटर यान(यानों) के बीमा के बारे में तथ्यों को अभिनिश्चित और सत्यापित करना तथा दावा मामले के नोटिस प्राप्त होने की तारीख से पंद्रह दिन की अवधि के भीतर इसके बारे में दावा अधिकरण को सूचित करना;

(ग) दुर्घटनाग्रस्त मोटर यान और एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(ई) में उपलब्ध सूचना के अनुसार ऐसे मोटर यान के चालक द्वारा धारित चालन अनुज्ञप्ति के बारे में सूचना प्राप्त करने हेतु एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(जी) में संबंधित रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी के समक्ष आवेदन करें;

(घ) ऐसे मामलों में जहां एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(डी) या एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(ई) में ऐसी बीमा कंपनी द्वारा इस प्रकार बीमाकृत मोटर यान के उपयोग के परिणामस्वरूप या तो मृत्यु या स्थायी विकलांगता कारित होने की पुष्टि की सूचना प्राप्त होती है, तो अधिनियम की धारा 140 के अधीन त्रुटि न होने के दायित्व के सिद्धान्त पर देय प्रतिकर के बराबर राशि (दावा अधिकरण में लिखित कथन के साथ) जमा करना।

214–ङ रिपोर्ट की बाबत उपधारणा.––क्रमशः अन्वेषण पुलिस अधिकारी और सम्बद्ध रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी द्वारा एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(डी) और एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी. टी.(ई) के भाग–। में दावा अधिकरण को भेजी गई रिपोर्ट की अन्तर्वस्तु और बीमा कंपनी द्वारा नियम 214–ग के खंड(ख) के अधीन की गई पुष्टि सही माना जाएगा और औपचारिक साक्ष्य के बिना तब तक पढ़ा जाएगा जब तक कि यह प्रतिकूल साबित न हो जाए।

214–च पुलिस रिपोर्ट और उस पर कार्रवाई.––(1) धारा 158 की उप–धारा(6) के अधीन पुलिस रिपोर्ट एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(डी) में की जाएगी ।

(2) चालन अनुज्ञप्ति, मोटर यान रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र, बीमा, परमिट आदि की सत्यापन रिपोर्ट के साथ उप–नियम(1) में उल्लिखित रिपोर्ट प्राप्त होने पर दावा अधिकरण इसकी जांच करेगा और ऐसी अतिरिक्त सूचना या विवरण की मांग कर सकेगा, जैसी अधिनियम की धारा 166 की उप–धारा(4) के उपबंध के अनुसार मामले के उचित निपटान के लिए आवश्यक समझा जाए।

(3) दावा अधिकरण रिपोर्ट के परीक्षण के पश्चात् दावे के मामले को दर्ज करेगा और एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(एच) में उपस्थित होने के लिए समस्त सम्बन्धित पक्षकारों को नोटिस जारी करेगा, जिसमें, यथास्थिति, दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति या, उसका विधिक प्रतिनिधि अन्तर्ग्रस्त यान का चालक, स्वामी और बीमाकर्ता भी हो सकेगा।

(4) उप–नियम (3) के अधीन नोटिस प्राप्त होने पर पक्षकार दावा अधिकरण के समक्ष अपनी उपस्थिति देंगें और दावा मामला, यदि कोई हो, घोषित करेंगे, और यदि ऐसा है तो पुलिस रिपोर्ट को दावा मामले के रूप में माना जाएगा और उसे पक्षकारों द्वारा स्वतंत्र रूप से प्रस्तुत किए गए ऐसे दावे के मामले के साथ जोड़ दिया जाएगा ।

(5) यदि पीड़ित व्यक्ति या मृतक व्यक्ति का विधिक प्रतिनिधि उप–नियम(4) के अधीन नोटिस के पश्चात् उपस्थित नहीं होता है तो दावा अधिकरण यह उपधारित कर सकेगा कि उक्त पक्षकार किसी प्रतिकर के दावे को आगे बढ़ाने में रूचि नहीं रखते हैं और ऐसी उपधारणा से ये मामले को बन्द कर देंगे।

(6) जब तक पुलिस रिपोर्ट को पक्षकारों द्वारा स्वयं प्रस्तुत स्वतंत्र दावा मामले से सम्बद्ध दावा मामले के रूप में नहीं माना जाता है, तब तक दावा अधिकरण, यथास्थिति, पीड़ित व्यक्ति या मृतक व्यक्ति के विधिक प्रतिनिधि, को बुलाएगा और जो नोटिस के प्रत्युत्तर में दावा अधिकरण के समक्ष प्रतिकर के बारे में तथ्यों का विवरण यदि उनके द्वारा एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(ए) में कोई दावा किया गया है, देने के लिए उपस्थित हुए हैं।

(7) यदि पक्षकारों द्वारा किए गए दावा प्रतिकर के बारे में तथ्यों का विवरण उप–नियम(6) में विनिर्दिष्ट रीति से प्रस्तुत किया जाता है, तो मामले को उसी रीति से आगे बढ़ाया जाएगा मानो कि पक्षकार प्रतिकर के लिए सीधे दावा अधिकरण के समक्ष पेश हुआ हों।

(8) यदि पक्षकारों द्वारा प्रतिकर का दावा करने के लिए कथन किया गया है, किन्तु तत्पश्चात् उपस्थिति में चूक करता है, तो उस स्थिति में सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908(1908 का 5) के आदेश ix के उपबंध लागू होंगेः

परंतु यदि प्रश्नगत दुर्घटना में एक से अधिक यान अंतर्वलित है और ऐसे समस्त यानों से सम्बद्ध व्यक्ति प्रतिकर के लिए दावा करतें हैं, तो दावा मामले के रूप में मानी गई पुलिस रिपोर्ट को उनमें से प्रत्येक द्वारा प्रस्तुत दावा मामला माना जाएगा और ऐसे पक्षकारों के किसी एक या अधिक पक्षकारों की अनुपस्थिति, पक्षकारों जो निरंतर उपस्थित होते रहे हैं, के दावे पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगी ।

4. मूल नियमों के राजभाषा पाठ नियम 217 का प्रतिस्थापन.––उक्त नियमों के नियम 217 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात्:––

"217 संबद्ध पक्षकारों को नोटिस.–यदि नियम 216 के अधीन दावे के लिए कोई आवेदन निरस्त नहीं किया जाता है, तो दावा अधिकरण, उसे उस व्यक्ति, जिसके विरूद्ध आवेदक अनुतोष का दावा करता है, को एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(आई) में नोटिस की तारीख के साथ इसके समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए प्रेषित करेगा और उन्हें नियम 218 के अनुसार अपना लिखित कथन दाखिल करने के लिए कह सकेगा :

परंतु, यदि आवेदक द्वारा लिखित कथन के साथ प्रस्तुत किए गए दस्तावेज बृहत हैं तो दावा अधिकरण विरोधी पक्षकार को इसकी प्रतियां प्रेषित करने की अपेक्षा से अभिमुक्त हो सकेगा ।"।

5. मूल नियमों के राजभाषा पाठ के नियम 218 का प्रतिस्थापन.––उक्त नियमों के नियम 218 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात्:––

"218. पक्षकारों की उपस्थिति और परीक्षण.––(1) विरोधी पक्षकार, पहली सुनवाई को या उससे पूर्व, या ऐसे और समय के भीतर जैसा दावा अधिकरण अनुज्ञात करे, लिखित कथन दाखिल करेगा जो दावा अधिकरण के अभिलेख का भाग हो जाएगा ।

(2) विरोधी पक्षकार लिखित कथन के साथ उन तथ्यों के समर्थन में समस्त दस्तावेज जिन पर वह अपने बचाव में निर्भर करता है, दाखिल करेगा और दस्तावेजों की सूची सम्यक् रूप से तैयार करेगा तथा आवेदक को भी उसकी एक प्रति देगाः

परन्तु दावा अधिकरण विरोधी पक्षकार को लिखित कथन के साथ फाइल नहीं किए गए किसी दस्तावेज पर उसके बचाव के समर्थन में निर्भर रहने हेतु तब तक अनुज्ञात नहीं कर सकेगा जब तक कि इसका समाधान नहीं हो जाता है कि इसे पूर्व में ऐसे दस्तावेज फाइल करने से कतिपय सही या समुचित कारणों से वंचित किया गया था।

(3) यदि विरोधी पक्षकार दावा का विरोध करता है तो दावा अधिकरण, यदि इसके द्वारा कोई लिखित कथन फाइल नहीं किया गया है, उसका दावे के हैसियत में परीक्षण करेगा और लिखित में मौखिक कथन लेगा।

(4) दावा अधिकरण विरोधी पक्षकार से निम्नलिखित सूचना प्रस्तुत करने की भी अपेक्षा करेगाः–

(क) पूर्वतर समस्त दुर्घटनाओं की पूर्ण विशिष्टियां जिसमें यह अन्तर्वलित था और जिस मामले में दावा या तो पूर्णतः या भागतः अधिनिर्णित किया गया है; और

(ख) ऐसी पूर्वतर दुर्घटनाओं में संदत्त प्रतिकर की रकम, पीड़ितों के नाम और पता तथा व्यक्ति जिसे क्षतिपूर्ति संदत्त की गई है और विरोधी पक्षकार से उसका सम्बन्ध यदि कोई हो।"।

6. मूल नियमों के राजभाषा पाठ के नियम 219 का प्रतिस्थापन.––उक्त नियमों के नियम 219 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात्:––

"219 साक्षियों को समन करना.––यदि कार्यवाही में किसी पक्षकार द्वारा साक्षियों को बुलाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाता है, तो दावा अधिकरण अन्तर्वलित व्यय के संदाय पर, यदि कोई हो, ऐसे साक्षियों की उपस्थिति के लिए, जब तक मामले के न्यायोचित निर्णय के लिए उनकी उपस्थिति आवश्यक नहीं समझी जाती है, समन जारी कर सकेगाः

परन्तु यदि दावा अधिकरण की राय है कि पक्षकार साक्षियों का समन करने का खर्चा उठाने में असमर्थ है तो यह व्यय के ऐसे संदाय के लिए आग्रह नहीं कर सकेगा और उस दशा में उसका व्यय सरकार द्वारा वहन किया जाएगाः

परन्तु यह और कि यदि दावेदार पूर्णतः या भागतः दावा करने में सफल रहता है तो सरकार द्वारा इस प्रकार उपगत व्यय सरकार को संदत्त किया जाना निदेशित किया जाएगा।"।

7. मूल नियमों के राजभाषा पाठ के नियम 221 का प्रतिस्थापन.––उक्त नियमों के नियम 221 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात्:––

"221 स्थानीय निरीक्षण.–(1) दावा अधिकरण उसके समक्ष किसी भी कार्यवाही के दौरान, किसी भी समय स्थानीय निरीक्षण करने या किसी व्यक्ति, जो दावों से सुसंगत सूचना देता है, का परीक्षण करने के प्रयोजन के लिए ऐसे स्थल, जहाँ ऐसी दुर्घटना घटित हुई है, का दौरा कर सकेगा।

(2) कार्यवाही का कोई भी पक्षकार या ऐसे पक्षकार का कोई प्रतिनिधि, स्थानीय निरीक्षण के लिए दावा अधिकरण के साथ जा सकेगा ।

(3) दावा अधिकरण स्थानीय निरीक्षण करने के पश्चात् संप्रेक्षित किए तथ्यों के ज्ञापन में संक्षिप्त टिप्पण करेगा और ऐसा ज्ञापन कार्यवाहियों के अभिलेख का भाग होगा।

(4) उप–नियम (3) के अधीन ज्ञापन कार्यवाहियों के किसी भी पक्षकार, जो इसे देखने की वांछा रखता हो, को दिखाया जा सकेगा और इसकी प्रति आवेदन करने पर ऐसे किसी पक्षकार को, दो रुपये प्रति पृष्ठ की दर से प्रदान की जा सकेगी।

(5) दावा अधिकरण, किसी पक्षकार के अनुरोध पर यदि इस नियम के अधीन कोई यात्रा करता है, तो वह पक्षकार से उसके और उसके कर्मचारिवृन्द द्वारा संभाव्य उपगत किए जाने वाले वास्तविक व्ययों के बराबर रकम पहले ही निक्षेप करने की अपेक्षा कर सकेगा और वह ऐसी यात्रा के सम्बन्ध में समस्त आनुषंगिक व्यय की पूर्ति हेतु पक्षकारों द्वारा केवल इस प्रकार निक्षिप्त रकम ही निकालेगा।"।

8. नियम 224–क और 224–ख का अन्तःस्थापन.––उक्त नियमों के राजभाषा पाठ के नियम 224 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अन्तः स्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:––

"224–क. अनुपूरक सूचना और दस्तावेज अभिप्राप्त करना.––दावा अधिकरण, पुलिस, चिकित्सा और अन्य प्राधिकारियों से जो भी अनुपूरक सूचना और दस्तावेज आवश्यक पाए जाते हैं, अभिप्राप्त करेगा और दावे पर न्यायनिर्णयन करने के लिए अग्रसर होगा, चाहे पक्षकार जिन्हें नियत दिन पर उपस्थित होने का नोटिस दिया गया था, उपस्थित है या नहीं।

224–ख. चिकित्सा परीक्षण निदेशित करने की शक्ति.––दावा प्राधिकरण, यदि यह आवश्यक समझे, किसी सरकारी या नगर पालिका अस्पताल में किसी चिकित्सा अधिकारी या चिकित्सा प्राधिकारियों के किसी बोर्ड को एच.पी. प्ररूप–52 एम.ए.सी.टी.(जे) में चोटिल व्यक्ति का परीक्षण करने हेतु निदेश दे सकेगा और दुर्घटना के परिणामस्वरूप हुई ऐसे निःशक्तता (विकलांगता) यदि कोई हो की मात्रा और परिमाण उपदर्शित करते हुए प्रमाण–पत्र जारी कर सकेगा और ऐसे चिकित्सा प्राधिकारियों या बोर्ड का यह कर्तव्य होगा कि वह ऐसे निदेश की प्राप्ति के पन्द्रह (15) दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करे।"।

9. मूल नियमों के राजभाषा पाठ के नियम 228 का प्रतिस्थापन.––उक्त नियमों के नियम 228 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात्:––

"228 विवाद्यकों का निर्धारण.––(1) दावा अधिकरण, विवाद्यकों की विरचना के पश्चात् सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 (1908 का 5) के उपबन्धों के अनुसार एक दूसरे की प्रतिपरीक्षा करने के लिए दोनों पक्षकारों को अनुज्ञात करने के पश्चात् ऐसे विवाद्यकों को विनिश्चित करने के लिए अग्रसर होगा।

(2) दावा अधिकरण को यदि मामले के न्यायसंगत विनिश्चय के लिए इसे यह आवश्यक प्रतीत होता है तो वह पक्षकारों को ऐसे और साक्ष्य, जैसे वह उचित समझे, देने के लिए अनुज्ञात कर सकेगाः

परन्तु ऐसा कोई और अवसर तब तक अनुज्ञात नहीं किया जाएगा, जब तक कि यह दर्शाया नहीं जाता है कि ऐसा और साक्ष्य सम्यक तत्परता का प्रयोग करने के बावजूद पहले नहीं दिया गया था या ऐसा साक्ष्य उस पर विश्वास करने वाले पक्षकार की जानकारी में नहीं था।"।

10. मूल नियमों के राजभाषा पाठ के नियम 230 का प्रतिस्थापन.––उक्त नियमों के नियम 230 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात्:––

"230 निर्णय और प्रतिकर को अधिनिर्णीत करना.––(1) दावा अधिकरण आदेश पारित करते समय निर्णय में विरचित प्रत्येक विवाद्यकों के निष्कर्ष पर, ऐसे निष्कर्षों के कारणों को, संक्षिप्त रूप में अभिलिखित करेगा और बीमाकर्ता द्वारा संदत्त किए जाने या ऐसे व्यक्ति जिस पर दायित्व डाला गया है और ऐसे व्यक्ति को भी जिसको प्रतिकर बीमाकर्ता द्वारा संदत्त किया जाना है तथा ऐसे और व्यक्ति को भी जिसको प्रतिकर संदत्त किया जाएगा, को प्रतिकर की रकम विनिर्दिष्ट करके अधिनिर्णय करेगा। अधिनिर्णीत रकम का संवितरण यथासाध्य सीधे हिताधिकारी के लेखे में इलेक्ट्रॉनिक अन्तरण (आर.टी.जी.एस. या एन.ई.एफ.टी.) के माध्यम से किया जाएगा।

(2) यदि प्रतिकर दो या दो से अधिक व्यक्तियों को अधिनिर्णीत किया गया है, तो दावा अधिकरण उनमें से प्रत्येक को संदेय की जाने वाली रकम को भी विनिर्दिष्ट करेगा।

(3) दायित्व का न्याय निर्णय करने और प्रतिकर अधिनिर्णीत करने की प्रक्रिया को मृत्यु की दशा में विधिक उत्तराधिकारियों को प्रतिकर के संवितरण की प्रक्रिया से पृथक किया जा सकेगा और यदि दावा अधिकरण को यह प्रतीत होता है कि मृतक व्यक्ति के विधिक उत्तराधिकारियों की पहचान और अवधारण के कारण दावेदार को वास्तविक संदाय में कुछ समय लगने की सम्भावना है, तो दावा अधिकरण अधिनिर्णीत प्रतिकर की रकम को अपने पास जमा करने के लिए मांग कर सकेगा, और तब प्रत्येक विधिक उत्तराधिकारी को साम्यिक (साम्यापूर्ण) ढंग से प्रतिकर का संदाय संवितरण करने हेतु विधिक उत्तराधिकारी की पहचान के लिए अग्रसर हो सकेगा।

(4) दावा अधिकरण दावेदार से द्विप्रतिक में रसीद अभिप्राप्त करेगा, जिसमें से एक प्रति उस व्यक्ति को जारी की जाएगी, जो संदाय करता है, और अन्य प्रति अभिलेख में प्रतिधारित की जाएगी।"।

उक्त नियमों के राजभाषा पाठ के नियम 230 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्

11. **230 क का अन्तःस्थापन.––"230–क. दावेदारों के हित को सुरक्षित करना**.––(1) यदि दावा अधिकरण के पास जमा की गई एक मुश्त राशि, विधिक निःशक्तता (विकलांगता) के अधीन किसी व्यक्ति को संदेय है, तो ऐसी राशि को उसकी विकलांगता के दौरान ऐसे व्यक्ति को प्रसुविधा के लिए ऐसी रीति में, जैसे कि दावा अधिकरण निर्दिष्ट करे, चोटिल के किसी आश्रित या मृतक के उत्तराधिकारियों या किसी अन्य व्यक्ति को संदत्त की जाने हेतु, जिनको दावा अधिकरण यथास्थिति, चोटिलों या मृतक के उतराधिकारी के कल्याण के लिए प्रदान करने के लिए उपयुक्त समझे, विनिहित, उपयोजित या अन्यथा संव्यवहृत किया जा सकेगा।

(2) जहाँ दावा अधिकरण को इस निमित्त किए गए आवेदन पर या अन्यथा दावा अधिकरण का यदि समाधान हो जाता है कि बच्चों की उनके माता–पिता द्वारा उपेक्षा के कारण या किसी आश्रित की बदली हुई परिस्थितियों के कारण अथवा किसी अन्य पर्याप्त हेतुक के दावा अधिकरण के प्रतिकर के रूप में संदत्त किसी राशि के संवितरण के किसी आदेश या ऐसी रीति जिसमें किसी ऐसे आश्रित को संदेय किसी राशि का विनिधान या उपयोग किया जाता है या उसे अन्यथा संव्यवहृत किया जाता है, में कोई भिन्नता होती है तो दावा अधिकरण पूर्ववर्ती आदेश की भिन्नता के लिए ऐसे आगामी आदेश कर सकेगा जो यह मामले की परिस्थितियों में न्यायोचित समझे।

(3) दावा अधिकरण किसी अवयस्क के मामले में आदेश करेगा कि ऐसे अवयस्क को प्रदान किए गए प्रतिकर की रकम तब तक नियत निक्षेपों में विनिहित की जाएगी जब तक ऐसा अवयस्क व्यस्क नहीं हो जाता है। संरक्षक द्वारा या उसके किसी वाद मित्र द्वारा उपगत व्ययों को ऐसे निक्षेपों से उन्हें जमा किए जाने से पूर्व ऐसे संरक्षक या उसके ऐसे वाद मित्र द्वारा आहरित किया जा सकेगा।

(4) दावा अधिकरण, अशिक्षित दावेदारों के मामले में, आदेश देगा कि अधिनिर्णित किए गए प्रतिकर की रकम तीन वर्ष की न्यूनतम अवधि के लिए नियत निक्षेपों में विनिहित की जाए किन्तु यदि, दावेदार की आय में अभिवृद्धि करने के लिए किसी जंगम या स्थावर सम्पत्ति के क्रय के लिए कोई रकम अपेक्षित है तो दावा अधिकरण, समाधान होने के पश्चात् कि यह रकम वस्तुतः उसी प्रयोजन के लिए खर्च की जाएगी, ऐसे अनुरोध पर विचार कर सकेगा।

(5) दावा अधिकरण, अल्प–शिक्षित व्यक्ति की दशा में, उप–नियम (4) में दी गई अधिनिर्णित रकम के निक्षेप के लिए प्रक्रिया का तब तक चयन नहीं करेगा, जब तक कारणों को लिखित में अभिलिखित करके उसका समाधान नहीं हो जाता है कि रकम का पूर्ण या आंशिक भाग किसी विद्यमान कारबार के विस्तारण हेतु या उप–नियम (4) में यथा विनिर्दिष्ट कुछ सम्पत्ति, जिस मामले में दावा अधिकरण यह, सुनिश्चित करेगा कि रकम, उस प्रयोजन, जिसके लिए वह मांगी गई थी, के लिए ही विनिहित की गई है, के क्रय हेतु अपेक्षित है।

(6) दावा अधिकरण, शिक्षित व्यक्ति की दशा में उप–नियम (4) और (5) में विनिर्दिष्ट अधिनिर्णित रकम के निक्षेप हेतु प्रक्रिया का भी चयन कर सकेगा, यदि दावेदार की आयु, वित्तीय पृष्ठ भूमि आदि अधिनिर्णित प्रतिकर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के दृष्टिगत आवश्यक समझता है और ऐसा आदेश पारित करता है, जैसे वह उपयुक्त समझे।

(7) दावा अधिकरण, व्यक्तिगत चोट के मामलों में, यदि और उपचार की आवश्यकता है, तो ऐसी रकम जो ऐसे उपचार के व्ययों की पूर्ति के लिए आवश्यक हो, को आहरित करने की अनुज्ञा प्रदान करके लिखित में कोई आदेश पारित कर सकेगा।

(8) दावा अधिकरण, रकम के विनिधान के विषय में, दावेदार के लिए अधिकतम प्रतिफल प्राप्त करने के दृष्टिगत राज्य या केन्द्रीय सरकार के सार्वजनिक सेक्टर के उपक्रमों, जो ब्याज की उच्चतर दर का प्रस्ताव करते हों, में जमा करने के आदेश पारित करेगा।

(9) दावा अधिकरण, ऐसी राशि के विनिधान में निदेश देगा कि निक्षेपों पर ब्याज ऐसे संस्थानों द्वारा, दावा अधिकरण की सूचना के अधीन, दावेदारों को या अवस्यक दावेदारों के संरक्षकों को प्रत्यक्षतः संदत्त किया जाए।''।

12. मूल नियमों के राजभाषा पाठ के नियम 232 का प्रतिस्थापन.––उक्त नियमों के नियम 232 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात्:––

"232 दावा अधिकरण के अधिनिर्णय के विरूद्ध अपील का प्ररूप और रीति.––(1) दावा अधिकरण के निर्णय के विरूद्ध अपील, अपीलार्थी द्वारा या इस निमित्त ऐसे अपीलार्थी द्वारा सम्यक् रूप से सशक्त अधिवक्ता द्वारा, हस्ताक्षरित ज्ञापन के रूप में उच्च न्यायालय के समक्ष, प्रस्तुत की जाएगी और इसके साथ अधिनिर्णय की प्रति भी संलग्न की जाएगी ।

(2) ज्ञापन में अपील के आधार किसी तर्क या विवरण के बिना संक्षिप्त रूप से विनिर्दिष्ट किए जाएंगे और ऐसे आधारों को क्रमवर्ती रूप में संख्यांकित किया जाएगा।

(3) उप–नियम (1) और (2) मे यथाउपबंधित के सिवाय सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) की प्रथम अनुसूची में आदेश 41 और 21 के उपबन्ध यथा आवश्यक परिवर्तन सहित उपरोक्त निर्दिष्ट अपीलों को भी लागू होंगे ।"।

13. मूल नियमों के राजभाषा पाठ के नियम 233 का प्रतिस्थापन.––उक्त नियमों के नियम 233 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :––

"233 फीस.––(1) धारा 166 के अधीन आवेदन पर प्रतिकर के संदाय के लिए कोई भी न्यायालय फीस उद्गृहीत नहीं की जाएगी।

(2) नस्तियों के निरीक्षण के लिए प्रभारित की जाने वाली न्यायालय फीस की राशि प्रत्येक मामले में प्रथम घण्टे के लिए 20 रुपये और प्रत्येक पश्चात्वर्ती घण्टों के लिए दस रुपए होगी।

(3) सम्बन्धित पक्षकारों को साक्ष्य की कार्बन प्रतियां यदि मांगी जाती हैं, प्रति पृष्ठ दो रुपए न्यायालय फीस का संदाय करने पर दी जाएगी और ऐसी प्रतियों को प्राप्त करने के लिए आवेदन पर दस रुपए की न्यायालय फीस देनी होगी।

(4) अन्तिम आदेश के अधिनिर्णय या मध्यवर्ती आदेश या दावा अधिकरण के पास दायर किसी दस्तावेज की अनुप्रमाणित प्रति प्राप्त करने लिए प्रति पृष्ठ दो रूपए की राशि न्यायालय फीस के रूप में प्रभारित की जाएगी।"।

14. नियम 234 क का अन्तःस्थापन.––उक्त नियमों के राजभाषा पाठ के नियम 234 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थातः–

"234 क. अभिलेखों, रजिस्टरों और प्रमाणित प्रतिलिपियों की अभिरक्षा और परिरक्षण.––(1) मामलों से सम्बन्धित आवश्यक दस्तावेज और अभिलेख अधिनिर्णय यदि कोई प्रदान किया गया हो, के समाधान होने की छः वर्ष की अवधि के लिए या निर्णय और अधिनिर्णय के अन्तिम विनिश्चय, जो भी पूर्वत्तर हो, के पश्चात् बारह वर्ष की अवधि के लिए अभिलेख कक्ष में परिरक्षित किए जाएंगे।

(2) दावा अधिकरण, अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश के न्यायालय द्वारा अनुरक्षित किए जाने वाले अपेक्षित समस्त रजिस्टरों के अतिरिक्त निम्नलिखित रजिस्टर का भी अनुरक्षण करेगा, अर्थात्:––

(i) दायित्व की कोई गलती नहीं के सिद्धान्त पर अंतरिम निर्णय के आवेदनों के लिए रजिस्टर; और

(ii) अधिकरण में चैकों के माध्यम से संदायों को जमा करने के लिए रजिस्टर।

(3) मृत्यु, स्थायी निःशक्तता, चोट और सम्पत्ति की क्षति के आधारों पर दावा याचिकाएं एक पृथक रजिस्टर में दर्ज की जाएगी ।

(4) उच्च न्यायालय के अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा प्रमाणित प्रति जारी करने संबंधित नियम, दावा अधिकरणों के यथोचित परिवर्तनों सहित लागू होंगे।"।

15. उक्त नियमों के हिमाचल प्रदेश प्ररूप 52 एम0 ए0 सी0 टी0 ए0 के स्थान पर निम्नलिखित प्ररूप रखें जाएंगे, अर्थात्:––

"प्ररूप 52 हिमाचल प्रदेश एम0 ए0 सी0 टी0 (ए0)
[नियम 214 और 214 च (6) देखें]
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के समक्ष प्रतिकर के लिए आवेदन

दावेदार(रों) के फोटो

सेवा में,
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,
——————————
——————————

महोदय / महोदया,

मैं ..... पुत्र / पुत्री / पत्नी / विधवा ..... निवासी ..... मोटरयान दुर्घटना में चोटिल होने पर मुझे आयी चोट के लिए प्रतिकर प्रदान करने के लिए एतदद्वारा आवेदन करता / करती हूं चोट, यान आदि की बाबत आवश्यक विशिष्टियां निम्न प्रकार से हैं:––

मैं / हम ..... पिता / माता / पुत्र / पुत्री(पुत्रियाँ) / विधवा ..... निवासी ..... मोटर यान दुर्घटना में श्री / श्रीमती / कुमारी ..... की मृत्यु के कारण प्रतिकर प्रदान करने के लिए श्रीमती / कुमारी ..... जिनकी मोटरयान दुर्घटना में मृत्यु हुई है, के विधिक प्रतिनिधि के रूप में एतद्द्वारा आवेदन करता हूँ / करते हैं। मृतक / चोटिल व्यक्ति / यान आदि के बारे में आवश्यक विशिष्टियां निम्न प्रकार से है:––

1. चोटिल / मृतक व्यक्ति का नाम और पिता का नाम (विवाहित महिला और विधवा की दशा में पति का नाम) .....
2. चोटिल / मृतक व्यक्ति का पूरा पता .....
3. चोटिल / मृतक व्यक्ति की आयु.....
4. चोटिल / मृतक व्यक्ति का व्यवसाय .....
5. मृतक के नियोजक का नाम और पता, यदि कोई हो .....
6. चोटिल / मृतक व्यक्ति की मासिक आय .....
7. क्या वह व्यक्ति जिसके बारे में प्रतिकर का दावा किया गया है, आयकर दाता है ? यदि ऐसा है, तो आयकर की राशि दर्शित करें (दस्तावेजों साक्ष्य द्वारा समर्थित हों).....
8. दुर्घटना का स्थान, तारीख और समय .....
9. पुलिस थाने का नाम और पता जिसकी अधिकारिता में दुर्घटना हुई या मामला रजिस्ट्रर किया गया था .....

10. क्या व्यक्ति जिसके बारे में प्रतिकर का दावा किया गया है, दुर्घटना में अन्तर्वलित मोटरयान द्वारा यात्रा कर रहा था ? यदि ऐसा है तो यात्रा के आरम्भ और गंतव्य स्थान का नाम दें .....
.....

11. आई चोटें और अक्षमता, यदि कोई है .....

12. चिकित्सा अधिकारी / व्यवसायी, यदि कोई हो, जिसने मृतक / चोटिल व्यक्ति की देखरेख की है, का नाम और पता .....

13. इलाज की अवधि और उस पर उपगत व्यय, यदि कोई हो (दस्तावेजों साक्ष्य द्वारा समर्थित हो) ..
.....

14. दुर्घटना में अन्तर्वलित मोटरयान की रजिस्ट्रकरण संख्या और उसका प्रकार .....
.....

15. मोटरयान के बीमाकर्ता का नाम और पता .....

16. मोटरयान के स्वामी का नाम और पता.....

17. क्या स्वामी / बीमाकर्ता के पास कोई दावा दायर किया गया है ? यदि ऐसा है तो उसका क्या परिणाम निकला.....

18. आवेदक का नाम और पता.....

19. मृतक / चोटिल व्यक्ति से सम्बन्ध .....

20. मृतक / चोटिल व्यक्ति की सम्पत्ति पर हक .....

21. दावाकृत प्रतिकर की राशि और दावे का आधार .....

22. क्या पुलिस और रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारियों से विहित प्ररूप पर रिपोर्ट प्राप्त की गई है? (यदि ऐसा है तो संलग्न करें).....

23. क्या नियम 214 में उल्लिखित दस्तावेजों को सूचीवद्ध कर सम्यक रूप से संलग्न किया है (विवरण दें).....

24. कोई अन्य सूचना जो दावे के निपटान के लिए आवश्यक / सहायक हो सकती है.....

25. दावा आवेदन विलम्ब से प्रस्तुत करने के कारण और आधार जिन पर बिलम्ब के लिए माफी दावा किया गया है.....

26. दुर्घटना के कारण का संक्षिप्त विवरण.....

आवेदक(कों) के हस्ताक्षर
या अंगूठा निशान।

सत्यापन

.....में.....के.....दिन

यह सत्यापित किया जाता है कि उपरोक्त आवेदन की अंतर्वस्तु मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही और सत्य है।

आवेदक(कों) के हस्ताक्षर
या अंगूठा निशान।

टिप्पणीः––(1) आवेदक, दावे के आवेदन में उल्लिखित–प्रत्यर्थियों की संख्या के बराबर, प्रत्यर्थियों को नोटिस के साथ उन्हें भेजने के लिए आवेदन की अतिरिक्त प्रतियां संलग्न करेगा।

(2) आवेदन दुर्घटना होने के छः महीने के भीतर दायर किया जाएगा और आवेदन को विलम्ब से प्रस्तुत करने के लिए कारण दिए जाएं।

(3) आवेदक रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा अपने आवेदन मोटरयान दावा अधिकरण को भेज सकेंगे।

16. एच पी प्ररुप 52 एम.ए.सी.टी.(बी)से एच पी प्ररुप 52 एम ए सी टी (जे) का अन्तःस्थापन.––उक्त नियमों के परूप एच पी प्ररुप–52 एम ए सी टी (ए) के पश्चात् निम्नलिखित प्ररूप अन्तःस्थापित किए जाएंगे; अर्थात्:–

प्ररुप एच.पी.एम.ए.सी.टी.(बी)
[नियम 214 और 214–क (घ) देखें]

अन्वेषक पुलिस अधिकारी को आदेश मोटर यान दावा अधिकरण.....,हिमाचल प्रदेश के समक्ष।

केस संख्या.....
.....बनाम.....
विषयः.....प्रथम इत्तिला रिपोर्ट संख्या.....

सेवा में,

प्रभारी,
पुलिस थाना.....

आदेश

उपरोक्त वर्णित दावा याचिका दुर्घटना से सम्बन्धित प्रतिकर के संदाय की पूर्ति हेतु इस दावा अधिकरण में प्रस्तुत की गई है, जो आपके द्वारा उपरोक्त कथित प्रथम इत्तिला रिपोर्ट के माध्यम से अन्वेषण की विषय वस्तु कथित की गई है;

विधि आपको मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 160 के उपबन्धों के अधीन सम्बद्ध पक्षकारों को और केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 के नियम 150 और हिमाचल प्रदेश मोटर यान नियम, 1999 के नियम 214–क के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 158 की उप–धारा (6) के उपबन्धों के अधीन इस अधिकरण को निम्न स्वरूप में दस्तावेज उपलब्ध करवाने के लिए व्यादिष्ट करती है––

(1) यान जिसके कारण दुर्घटना हुई का पहचान चिह्न और अन्य विशिष्टियां;
(2) व्यक्ति जो दुर्घटना के समय उसे चला / उपयोग कर रहा था, का नाम और पता;
(3) व्यक्ति, जो चोटिल हुआ था का नाम और पता या क्षतिग्रस्त सम्पत्ति का विवरण;
(4) प्रथम इत्तिला रिपोर्ट की प्रति;
(5) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 173 के अधीन रिपोर्ट सहित उससे संलग्न दस्तावेज अर्थात्, रिपोर्ट / पोस्ट मार्टम रिपोर्ट / यांत्रिक जांच रिपोर्ट, लिए गए फोटोग्राफ, तैयार किया गया स्थल–नक्शा, चालन अनुज्ञप्ति रजिस्ट्रीकरण, प्रमाण–पत्र, परमिट, बीमा पॉलिसी, सत्यापन, यदि कोई है; और
(6) अभिग्रहित कोई अन्य सुसंगत दस्तावेज।

अतः एतद्द्वारा आपको इस संसूचना की प्राप्ति के पन्द्रह दिन के भीतर समस्त उपर्युक्त दस्तावेजों की आपके कार्यालय की मोहर सहित आपके द्वारा हस्ताक्षरित सम्यक् रुप से अनुप्रमाणित स्पष्ट सुपाठय छाया प्रतियों सहित प्ररूप एच.पी.एम.ए.सी.टी (ई) में सूचना इस दावा अधिकरण को भेजने का निदेश दिया जाता है।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर द्वारा.....दिन को जारी।

(मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण)

एच.पी. प्ररूप 52 एम.ए.सी.टी.(सी)
[नियम 214–क (ङ) और 214–घ (क) देखें]
अन्वेषक पुलिस अधिकारी को आवेदन

मामला संख्या (केस संख्या).....

शीर्षक.....बनाम.....

विषयः..... प्रथम इत्तिला रिपोर्ट संख्या.....

सेवा में,

प्रभारी
पुलिस थाना.....

महोदय,

आवेदक, दुर्घटना से सम्बन्धित प्रतिकर के संदाय की पूर्ति के लिए उपरोक्त वर्णित दावा याचिका, जिसे विशिष्टियों की ऊपर दी गई प्रथम इत्तिला रिपोर्ट में अन्वेषण की विषय–वस्तु कथित किया गया है, में दावेदार / बीमा–कम्पनी के रूप में एक पक्षकार है;

और विधि आपको केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 के नियम 150 और हिमाचल प्रदेश मोटर यान नियम, 1999 के नियम 215–अ के साथ पठित मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 160 के उपबधों के अधीन सम्बद्ध पक्षकारों को निम्न स्वरूप में दस्तावेज उपलब्ध करवाने के लिए व्यादिष्ट करती है,––

(1) यान, जिस के कारण दुर्घटना हुई, की पहचान के चिह्न और अन्य विशिष्टियां;

(2) व्यक्ति, जो दुर्घटना के समय उसे चला / उपयोग कर रहा था, का नाम और पता

(3) व्यक्ति, जो चोटिल हुआ था, का नाम और पता या क्षतिग्रस्त सम्पत्ति का विवरण;

(4) प्रथम इत्तिला रिपोर्ट की प्रति;

(5) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 173 के अधीन रिपोर्ट सहित उससे संलग्न दस्तावेज, अर्थात् रिपोर्ट / पोस्टमार्टम रिपोर्ट, यांत्रिक जांच रिपोर्ट, लिए गए फोटोग्राफ, तैयार किया गया स्थल–नक्शा, चालन अनुज्ञप्ति, पंजीकरण (रजिस्ट्रीकरण) प्रमाण–पत्र, परमिट, बीमा पॉलिसी, सत्यापन, यदि कोई हो, आदि; और

(6) अभिग्रहित कोई अन्य सुसंगत दस्तावेज।

अतः अधोहस्ताक्षरधारी अनुरोध करता है कि प्ररूप एच.पी.एम.ए.सी.टी.(डी) में अपेक्षित सूचना इस संसूचना की प्राप्ति के पन्द्रह दिन के भीतर उसे भेजने की कृपा करें।

भवदीय

( )
तारीखः पूरा नाम और पता

एच.पी. प्ररूप 52 एम.ए.सी.टी.(डी)
(नियम 214–ख देखें)
दुर्घटना सूचना रिपोर्ट

भाग–I

1. प्रथम इत्तिला रिपोर्ट संख्या, तारीख और आरोपित धाराएं.....
2. पुलिस थाना का नाम.....
3. दुर्घटना की तारीख, समय और स्थान.....
4. चोटिल / मृत व्यक्ति का नाम और उसके पिता का नाम और पता.....(विवाहित महिला और विधवा की दशा में पति का नाम)
5. उल्लंघनकर्ता यान (यानों) के चालक का नाम और पता.....
6. उल्लंघनकर्ता यान (यानों) के चालक की चालन अनुज्ञप्ति की विशिष्टियां:–
   (क) चालन अनुज्ञप्ति संख्या.....
   (ख) अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की अवधि.....
   (ग) जारीकर्ता प्राधिकारी.....
7. उल्लंघनकर्ता यान (यानों) के स्वामी का नाम और पता:.....
8. उल्लंघनकर्ता मोटरयान (यानों) की विशिष्टियां :
   (क) दुर्घटनाग्रस्त यान (यानों) की रजिस्ट्रीकरण संख्या और प्रकार.....
   (ख) इंजन संख्या.....
   (ग) चैसी संख्या.....
   (घ) वाणिज्यिक यान की दशा में परमिट और उपयुक्तता की विशिष्टियां
9. उल्लंघनकर्ता यान (यानों) के बीमा की विशिष्टियां :–
   (क) पॉलिसी / कवर नोट संख्या.....
   (ख) पॉलिसी की विधिमान्यता की अवधि.....
   (ग) बीमा कम्पनी का नाम और पता.....
